बिहार लोक सेवा आयोग
15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड),
पटना– 800001

विज्ञापन संख्या– 15/2014, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी के उम्मीदवारों के लिए आवश्यक सूचना

स्वास्थ्य विभाग, बिहार के अंतर्गत सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या– 15/2014 के तहत आयोजित साक्षात्कार में उपस्थित कुछ उम्मीदवारों द्वारा अपने साक्षात्कार के दिन शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, अनुभव प्रमाण पत्रों या क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्रों की मूल प्रति सत्यापन हेतु प्रस्तुत नहीं किए गए थे। इसके लिए उनके द्वारा दिये गये अंडरटेकिंग के आधार पर अतिरिक्त समय भी दिया गया था, फिर भी कुछ उम्मीदवारों द्वारा आयोग कार्यालय में वांछित प्रमाण पत्र जमा नहीं किये गये हैं। कुछ उम्मीदवारों से सीधे डाक द्वारा प्रमाण पत्रों की छायाप्रति प्राप्त हुई है। चूँकि इन प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियाँ आयोग के जाँच दल से सत्यापित नहीं कराई गई है जिसके फलस्वरूप उन्हें असत्यापित प्रति के आधार पर अंक देने अथवा आरक्षण का लाभ देना सम्भव नहीं है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने अपने मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र तथा क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र आयोग के जाँच दल से सत्यापित कराये बिना जमा कर दिये हैं अथवा डाक के माध्यम से आयोग कार्यालय में भेज दिए हैं या मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत ही नहीं किये हैं। उन्हें सूचित किया जाता है कि वे अपना शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र एवं क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियाँ दो छायाप्रतियों के साथ आयोग कार्यालय में निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार जमा करते हुए सत्यापित कराना सुनिश्चित करेंगे। निम्नांकित तिथि के बाद कोई भी प्रमाण पत्र आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किया जायेगा, और पूर्व से वैसे उम्मीदवारों द्वारा जमा किए गए असत्यापित प्रमाण पत्रों पर कोई भी अंक देय नहीं होगा। साथ ही असत्यापित क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्रों पर भी कोई आरक्षण का लाभ देय नहीं होगा। **जिन उम्मीदवारों ने पूर्व में आयोग के जाँच दल से अपने मूल प्रमाण पत्र का सत्यापन कराते हुए उनकी छायाप्रतियाँ जमा कर दिया हैं उन्हें पुनः प्रमाण पत्र सत्यापित कराने की आवश्यकता नहीं है।**

क्रमांक	अनुक्रमांक	सत्यापित कराने हेतु तिथि	समय
1	150001 से 152000	दिनांक 22.07.2015	10.00 AM से 03.00 PM
2	152001 से 154000	दिनांक 23.07.2015	10.00 AM से 03.00 PM
3	154001 से 155820	दिनांक 24.07.2015	10.00 AM से 03.00 PM

यह सूचना आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर भी उपलब्ध है।

ह॰/ 16/7

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना